बिहार सरकार

कार्यालय : निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल

राजवंशीनगर, पटना

Website: www.lnjporthohospital.org,

E.mail- lnjpnhospital@gmail.com

आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत रोगियों को भोजन/नास्ता आपूर्ति हेतु निविदा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अन्तर्गत रोगियों के कल्याणार्थ विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाना हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में **24X7** सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत रोगियों के लिये भोजन/नाश्ता आपूर्ति हेतु इच्छुक गैर सरकारी संस्थाओं/कम्पनियों/फर्मो/प्रतिष्ठानों/सर्विस प्रोभाईडरों/संवेदकों से कम्प्यूटरीकृत टंकित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग दो लिफाफों में कर, एक बड़े लिफाफें में सील बंद कर व उक्त लिफाफे पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था के तहत रोगियों के लिये भोजन/नाश्ता आपूर्ति हेतु निविदा स्पष्ट रूप से अंकित कर निविदा प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अंदर सिर्फ निबंधित डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को अंतिम तिथि के अगले कार्य दिवस को पूर्वाहन 11.00 बजे निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल पटना के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि, निविदा खोले जाने के समय उपस्थित रह सकते है अन्यथा उनकी अनुपस्थिति में भी निविदा खोली जा सकती है। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय शर्त्त कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में **Director, Loknayak Jaiprakash Narayan Hospital, Rajbansinagar, Patna** के नाम से रू0 1000/– का डिमान्ड ड्रॉफ्ट (Non-Refundable) बनाकर अपने लेटर पैड के माध्यम से एक आवेदन निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, पटना के कार्यालय कक्ष में जमा करने के पश्चात् ही प्राप्त की जा सकती हैं। तत्पश्चात् ही संस्था निविदा डालने के लिए अधिकृत होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना के वेबसाईट पर www.lnjporthohospital.org अथवा **www.prdbihar.gov.in** पर देखा जा सकता है।

संस्था द्वारा अंतःकक्ष रोगियों को निम्न मीनू के आधार पर भोजन/नाश्ता उपलब्ध कराने से संबंधित कार्यों की विवरणी निम्नलिखित है:–

सुबह में	पावरोटी 02 पीस या रोटी 02 पीस 50 ग्राम (Aluminum foil में), छुहारा 02 पीस, सुजी का हल्वा 100 ग्राम, चना या चना दाल डाला हुआ कद्दू /नेनुआ/मिक्स हरा सब्जी (हल्का मसाला डाला हुआ) 100 ग्राम, हल्का मसाला में फ्राई किया हुआ फुला अंकुरित चना 100 ग्राम, फ्राई किया हुआ हरा मिर्चा 2 पीस, चाय 01 कप एवं अंडा 02 पीस/ मौसमी फल जैसे–केला 04 पीस/ सेव 100 ग्राम /संतरा 100 ग्राम/अंगुर 100 ग्राम/पपिता 100 ग्राम एवं अन्य।
दोपहर में	रोटी 02 पीस (Aluminum foil में) एवं कतरनी या बासमती चावल 125 ग्राम, दाल (चना/अरहर/मुंग/मसुर) 100 ग्राम, हरा सब्जी 100 ग्राम , लिज्जत पापड हॉफ पीस, दही 50 ग्राम (डिब्बावाला),पुदीना/धनीया का पत्ता की चटनी 2 (दो) चम्मच, फ्राई किया हुआ हरा मिर्चा 2 पीस, नीबू हॉफ पीस एवं सलाद 100 ग्राम।
शाम में	आरारोट बिस्कुट 02 पीस, फुला हुआ अंकुरित हरा मूंग 50 ग्राम, रोग प्रतिरोधक क्षमता वेजिटेबल जूस यथा टमाटर, पालक, गाजर, चूकंदर, लहसुन, अदरक, जीरा, गोलकी मिर्च, लौंग, तुलसी पत्ता एवं गुड़ को मिलाकर एक कप एवं चाय 01 कप।
रात में	रोटी 04 पीस, (Aluminum foil में), दूध 500 ग्राम (सुधा या अमूल पॉकेट वाला), चीनी/गुड़ भूरा 25 ग्राम, हरा सब्जी 100 ग्राम, फ्राई किया हुआ हरा मिर्चा 2 पीस एवं सलाद 100 ग्राम।

निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल
राजवंशीनगर, पटना

PR No. 000866(Health) 2020-21

नोवल कोरोना के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सहयोग हेतु 24X7 Toll Free No.: **104** पर संपर्क कर सकते हैं।

खाद्य सामग्री – संबंधी किसी तरह की जानकारी अथवा सुझाव हेतु दूरभाष संख्या 0612–2217636 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

किसी भी तरह आपदा की जानकारी अथवा सुझाव हेतु आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नं. 1070 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner